# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 28/10/2024 |
| Exam Time | 12:30 PM - 2:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** 21 cm त्रिज्या वाले एक अर्धगोलाकार ठोस को पिघलाकर एक बेलन बनाया जाता है जिसकी ऊँचाई 14 cm है। बेलन का आयतन $(a \times b^a \times c^b)\pi$ द्वारा दर्शाया जाता है जहाँ a, b और c अभाज्य हैं। तो (a+b)c का मान क्या है?

**Ans** A). 66 B). 42 C). 54 D). 35

**Correct Answer: D**

**Q.2** किस राशि (₹ में) पर 4% प्रति वर्ष की ब्याज दर से 2 वर्षों में ₹360 का साधारण ब्याज अर्जित होगा?

**Ans** A). 6000 B). 9000 C). 2250 D). 4500

**Correct Answer: D**

**Q.3** एक ठोस बेलन की ऊँचाई क्या है जिसकी त्रिज्या 7 cm है और संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 704 $cm^2$ है? $\left(\pi = \frac{22}{7}\right.$ का प्रयोग कीजिए$\left.\right)$

**Ans** A). 7 cm B). 8 cm C). 12 cm D). 9 cm

**Correct Answer: D**

**Q.4** एक दुकानदार एक वस्तु को 25% के लाभ पर बेचता है और बेईमानी से वास्तविक भार से 30% कम भार वाले बाट का उपयोग करता है। उसका कुल लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 78.57% B). 65.75% C). 23% D). 42%

**Correct Answer: A**

**Q.5** एक 735 m लंबी ट्रेन 225 m लंबी सुरंग से 48 सेकंड में गुजरती है। ट्रेन की चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 72 km/h B). 82 km/h C). 54 km/h D). 66 km/h

**Correct Answer: A**

**Q.6** 40 kg, 49 kg, 56 kg, 71 kg और 37 kg वजन के पांच सदस्यों वाले परिवार का औसत वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 52.6 B). 49.6 C). 50.6 D). 51.6

**Correct Answer: C**

**Q.7** 4 वर्षों के लिए 8% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 900 B). 1000 C). 960 D). 920

**Correct Answer: C**

**Q.8** एक दुकानदार एक निश्चित वस्तु पर 38% की छूट देता है। वह नकद भुगतान करने पर ग्राहक को 15% की अतिरिक्त छूट देने की घोषणा करता है। एक ग्राहक ने उस वस्तु के लिए ₹2,108 की नकद राशि का भुगतान किया। वस्तु का अंकित मूल्य (₹ में) कितना है?

**Ans** A). 3,800 B). 3,560 C). 4,000 D). 4,200

**Correct Answer: C**

**Q.9** 8 m आंतरिक व्यास वाला एक कुआँ 12 m की गहराई तक खोदा गया है। इससे निकाली गई मिट्टी को चबूतरा बनाने के लिए कुएं के चारों ओर 8 m की चौड़ाई तक फैला दिया जाता है। चबूतरे की ऊँचाई (m में) कितनी है?

**Ans** A). 1.0 B). 1.3 C). 2.2 D). 1.5

**Correct Answer: D**

**Q.10** अरुण ने 6 वर्षों के लिए साधारण ब्याज पर कुछ धनराशि ऋण के रूप में ली। साहूकार ने पहले 2 वर्षों के लिए 4% वार्षिक, अगले 3 वर्षों के लिए 8% वार्षिक और 5 वर्षों से अधिक की अवधि के लिए 12% वार्षिक दर से ब्याज लगाया। यदि अरुण ₹5,472 का भुगतान करके अपना ऋण चुकाता है, तो उसने ऋण के रूप में कितनी धनराशि (₹ में) ली थी?

**Ans** A). 3,040 B). 6,840 C). 3,800 D). 12,436

**Correct Answer: C**

**Q.11** एक कार पहली 12 km की दूरी 30 km/h की चाल से, अगली 15 km की दूरी 45 km/h की चाल से और अगली 20 km की दूरी 60 km/h की चाल से तय करती है। कार की औसत चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $39\frac{2}{19}$ km/h B). $33\frac{1}{17}$ km/h C). $47\frac{3}{26}$ km/h D). $44\frac{1}{16}$ km/h

**Correct Answer: D**

---

**Q.12** दो स्टेशनों के बीच श्रेणी I और श्रेणी II एसी ट्रेन कोच के किराए का अनुपात 5 : 3 है, और श्रेणी I और श्रेणी II एसी कोच में दो स्टेशनों के बीच यात्रा कर रहे यात्रियों की संख्या का अनुपात 3 : 10 है। यदि किसी दिन दोनों स्टेशनों के बीच यात्रा कर रहे यात्रियों से ₹37,080 वसूल किए जाते हैं, तो श्रेणी II एसी कोच के यात्रियों से वसूल की गई धनराशि की गणना कीजिए।

**Ans** A). ₹22,047 B). ₹24,720 C). ₹20,247 D). ₹27,420

**Correct Answer: B**

---

**Q.13** दी गई तालिका, पांच विद्यार्थियों द्वारा पांच अलग-अलग विषयों में प्राप्त अंकों को दर्शाती है। तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके बाद प्रश्न का उत्तर दीजिए।
प्रत्येक विषय में अधिकतम अंक = 100

| विषय/विद्यार्थी | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| जैकब | 56 | 44 | 40 | 33 | 35 |
| अर्जुन | 90 | 94 | 62 | 86 | 74 |
| आश्विन | 66 | 72 | 64 | 84 | 92 |
| रशद | 78 | 42 | 66 | 48 | 76 |
| नेहा | 58 | 54 | 48 | 72 | 88 |

अश्विन द्वारा सभी विषयों में मिलाकर प्राप्त कुल अंक और नेहा द्वारा सभी विषयों में मिलाकर प्राप्त कुल अंकों के बीच कितना अंतर है?

**Ans** A). 52 B). 62 C). 58 D). 78

**Correct Answer: C**

---


**Q.14** वह अनुपात ज्ञात कीजिए जिसमें ₹45/kg मूल्य के टमाटरों को ₹60/kg मूल्य के टमाटरों के साथ मिलाया जा सकता है, जिससे कि मिश्रण का मूल्य ₹54/kg हो जाए।

**Ans** A). 2 : 3 B). 3 : 5 C). 2 : 5 D). 3 : 7

**Correct Answer: A**

---

**Q.15** नीचे दिया गया बार ग्राफ वर्ष 2018 से 2022 के दौरान एलआईसी कमीशन से तीन एलआईसी एजेंटों की आय (लाख रुपये में) दर्शाता है। वर्ष 2020 से 2022 के दौरान एजेंट A की कुल आय, एजेंट C की कुल आय का कितने प्रतिशत है? (दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित मान)




**Ans** A). 93.18% B). 91.38% C). 96.98% D). 98.13%

**Correct Answer: A**

---

**Q.16** यदि P का 30% = Q का 0.6 = R का $\frac{1}{3}$ है, तो P : Q : R है:

**Ans** A). 10 : 5 : 9 B). 5 : 10 : 7 C). 10 : 5 : 7 D). 5 : 10 : 9

**Correct Answer: A**

---

**Q.17** दिए गए व्यंजक को सरल कीजिए।
( 5 × 5 + 5 - 5 × 5 + 5 - 5 × 5 ) + ( 5 × 5 ) ÷ 5 ( 2 + 3 )

**Ans** A). 25 B). 5 C). 20 D). 10

**Correct Answer: D**

---

**Q.18** एक दुकानदार को ₹30/kg और ₹32.5/kg भाव की चीनी किस अनुपात में मिलानी चाहिए, ताकि मिश्रण को ₹34.1/kg के भाव पर बेचकर वह 10% का लाभ कमा सके?

**Ans** A). 4 : 3 B . 5 : 4 C . 3 : 2 D . 2 : 1

**Correct Answer: C**

**Q.19** एक बल्लेबाज अपनी 15वीं पारी में 152 रन बनाता है, जिससे उसके औसत स्कोर में 5 रन की वृद्धि होती है। 15वीं पारी के बाद बल्लेबाज का प्रति पारी औसत स्कोर ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 77 B). 82 C). 41 D). 85

**Correct Answer: B**

**Q.20** एक दुकानदार ने रेफ्रिजरेटर और गीजर सेट को एक साथ ₹30,400 में बेचा, जिससे रेफ्रिजरेटर पर 25% और गीजर पर 10% का लाभ हुआ। उन्हें एक साथ ₹30,700 में बेचने पर, उसे रेफ्रिजरेटर पर 10% और गीजर पर 25% का लाभ होता। अब, यदि गीजर को 17% लाभ पर बेचा जाता है, तो गीजर का विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात करें।

**Ans** A). 14,380 B). 12,130 C). 17,510 D). 16,380

**Correct Answer: D**

## Section : **Reasoning Ability and Problem Solving**

**Q.1** दिए गए समीकरण को संतुलित करने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में बदला जाना चाहिए?
**60 × 10 + 12 ÷ 4 − 16 = 74**

**Ans** A). ÷ और × B). − और × C). − और + D). + और ×

**Correct Answer: D**

**Q.2** 5, एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 120 से संबंधित है। 3, उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 24 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 2 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 6 B). 7 C). 13 D). 11

**Correct Answer: A**

**Q.3** एक निश्चित कूट भाषा में, 'car struck in traffic' को 'ku cu ru nu' लिखा जाता है और 'truck struck on road' को 'pu du ku tu' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'struck' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). tu B). du C). ku D). pu

**Correct Answer: C**


**Q.4** श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, कौन-सी संख्याएं उसी क्रम में प्रश्नवाचक चिह्नों (?) के स्थान पर आनी चाहिए?

**19 ,33, 21, 30 ,23 ,27, ?, 24 ,?**


**Ans** A). 23, 25 B). 25, 27 C). 28, 25 D). 25, 26


**Correct Answer: B**


**Q.5** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।




**Ans**

A). 


B). 

C). 


D). 


**Correct Answer: A**


Q.6 उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए जो नीचे दी गई आकृति में पैटर्न को पूरा करने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।




Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

Correct Answer: A

Q.7 U, V, W, X, Y, K और A एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। X के बाईं ओर से गिनने पर W और X के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। U, K के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। V, K के ठीक दाईं ओर बैठा है। V, W के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। Y, U का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
A के दाईं ओर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans A). W B). V C). U D). K

Correct Answer: B

Q.8 यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
84 – 112 × 8 + 15 ÷ 3 = ?

Ans A). 63 B). 53 C). 57 D). 45

Correct Answer: B

Q.9 P, Q, R, S, T और U एक गोल मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। P, U के ठीक दाएँ और S के ठीक बाएँ बैठा है। S, T के ठीक बाएँ बैठा है। Q, T के ठीक दाएँ और R के ठीक बाएँ बैठा है। R के ठीक दाएँ कौन बैठा है?

Ans A). U B). S C). P D). T

Correct Answer: A

Q.10 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

RSP ,TQN ,VOL, XMJ, ?

Ans A). AKH B). ZKH C). YLH D). YKH

Correct Answer: B

Q.11 GI23 एक निश्चित तरीके से SU31 से संबंधित है। उसी तरीके से, MO56, YA64 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SU78 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). GE66 B). EG68 C). GE68 D). EG86

Correct Answer: D

Q.12 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कोई भी बल्ला, विकेट नहीं है।
कोई भी विकेट, दस्ताना नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई भी बल्ला, दस्ताना नहीं है।
(II) कोई भी विकेट, बल्ला नहीं है।

Ans A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है C). निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II), दोनों अनुसरण करते हैं D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Correct Answer: A

**Q.13** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

**कथन:**
**कुछ घड़ियाँ, बेल्ट हैं।**
**कुछ बेल्ट, टाई हैं।**


**निष्कर्ष:**
**(I) कुछ घड़ियाँ, टाई हैं।**
**(II) कुछ बेल्ट, घड़ियाँ हैं।**

**Ans** A). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं B). न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है


**Correct Answer: C**


---


**Q.14** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: A**

---


**Q.15** एक निश्चित कूट भाषा में, 'PORK' को '7358' के रूप में लिखा जाता है और 'CREW' को '1693' के रूप में लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'R' को किस प्रकार लिखा जाता है?

**Ans** A). 3 B). 5 C). 6 D). 9

**Correct Answer: A**

---

**Q.16** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




**Ans** A).  B).  C).  D). 

**Correct Answer: B**

---

**Q.17** एक निश्चित कूट भाषा में, 'WOLF' को '4729' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'FLEW' को '9254' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 5 B). 2 C). 9 D). 4

**Correct Answer: A**

---

**Q.18** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**(2, 70, 82)**
**(26, 17, 53)**

**Ans** A). (79, 12, 141) B). (54, 88, 152) C). (36, 42, 90) D). (71, 78, 122)

**Correct Answer: B**

**Q.19** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर QBON एक निश्चित प्रकार से UFSR से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार FCLT, JGPX से संबंधित है। उसी तर्क का पालन करते हुए, AOGS निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). ERJV B). BQJW C). ESKW D). CQIU **Correct Answer: C**

**Q.20** एक निश्चित कूट भाषा में, 'YOUR' को '1245' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'OURS' को '4216' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'Y' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 5 B). 4 C). 6 D). 1 **Correct Answer: A**

Section : **General Awareness**

**Q.1** निम्नलिखित में से किसे फरवरी 2023 में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय में महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था?

**Ans** A). अजय कुमार भल्ला B). राजीव गौबा C). विक्रम देव दत्त D). प्रमोद कुमार मिश्र **Correct Answer: C**

**Q.2** वैश्विक भुखमरी सूचकांक (Global Hunger Index - GHI) 2023 में भारत का स्थान कौन-सा है?

**Ans** A). 120 B). 111 C). 105 D). 115 **Correct Answer: B**

**Q.3** सूक्ष्म वित्त संस्थानों (Micro Finance institutions) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

**Ans** A). नौकरीपेशा व्यक्ति को प्रदान की जाने वाली बैंकिंग सेवा का प्रकार। B). केवल उच्च आय वाले व्यक्तियों को प्रदान की जाने वाली सेवा। C). अधिकांश सूक्ष्म वित्तीय कार्य विकासशील देशों में होते हैं। D). बड़े ऋण (jumbo loan) प्रदान कर सकते हैं। **Correct Answer: C**

**Q.4** निम्नलिखित में से किस संगठन ने वैदिक शिक्षा को पुनर्जीवित करने और इसे विज्ञान में आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ने की माँग की?

**Ans** A). प्रार्थना समाज B). ब्रह्म समाज C). आर्य समाज D). सत्यशोधक समाज **Correct Answer: C**

**Q.5** निरक्षरता के उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय साक्षरता मिशन (National Literacy Mission) द्वारा अपनाई गई प्रमुख रणनीति निम्नलिखित में से कौन-सी है?

**Ans** A). संपूर्ण साक्षरता अभियान (Total Literacy Campaign) B). वैकल्पिक और अभिनव शिक्षा (Alternative and Innovative Education) C). शिक्षा गारंटी योजना (Education Guarantee Scheme) D). सर्व शिक्षा अभियान (Sarva Shiksha Abhiyan) **Correct Answer: A**

**Q.6** फाइलम आर्थ्रोपोडा (phylum Arthropoda) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
**A. आर्थ्रोपोडा के जंतुओं के उपांग संयुक्त (joint appendages) होते हैं।**
**B. इनमें मिश्रित आँखें (compounds eyes) होती हैं।**
**C. ये पृथ्वी पर सभी जंतुओं का प्रौढ़ (majority) बनाते हैं।**
**D. सभी आर्थ्रोपॉड में प्रजनन की विधि वानस्पतिक (vegetative) है।**

**Ans** A). केवल C और D B). केवल A और C C). केवल A, B और C D). केवल B, C और D **Correct Answer: C**

**Q.7** निम्नलिखित में से किस नृत्य श्रेणी को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के लिए नहीं चुना जाता है?

**Ans** A). कुचिपुड़ी B). कथक C). मणिपुरी D). विलासिनी नाट्यम **Correct Answer: D**

**Q.8** रज्जुकी (chordate) में पृष्ठरज्जु (notochord) का प्राथमिक कार्य क्या होता है?

**Ans** A). श्वसन (Respiration) B). गमन (Locomotion) C). आधार (Support) D). पाचन (Digestion) **Correct Answer: C**

**Q.9** पाटली दून (Patli Dun) भारत के किस भू-आकृतिक विभाजन से संबंधित है?

**Ans** A). तटीय मैदान B). हिमालय पर्वत C). प्रायद्वीपीय पठार D). भारतीय मरुस्थल **Correct Answer: B**

**Q.10** भारत ने पहली बार पैरालंपिक खेलों (Paralympic Games) में किस वर्ष भाग लिया था?

**Ans** A). 1964 B). 1980 C). 1972 D). 1968 **Correct Answer: D**

**Q.11** निम्नलिखित में से किस शख़्सियत ने पोर्टो नोवो (Porto Novo) की लड़ाई में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ लड़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी?

**Ans** A). गोपाला नायकर (Gopala Nayaker) B). हैदर अली (Hyder Ali) C). आलमगीर द्वितीय (Alamgir-II) D). महाराजा रणजीत सिंह (Maharaja Ranjit Singh)

**Correct Answer: B**

**Q.12** मुगल शासन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।
1. मनसबदारी प्रणाली अकबर द्वारा 1571 में शुरू की गई थी।
2. पानीपत का दूसरा युद्ध 1556 में हुआ था।
3. मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप सिंह बाबर के समकालीन थे।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

Ans A). 1 और 2 दोनों B). 2 और 3 दोनों C). 1, 2 और 3 D). केवल 2

**Correct Answer: A**

**Q.13** यशोधरा डालमिया (Yashodhara Dalmia) किस प्रसिद्ध पुस्तक की लेखिका हैं?

Ans A). पेंटिंग्स इन द कांगड़ा वैली (Paintings in the Kangra Valley) B). इंडियन आर्ट (Indian Art) C). अजंता (Ajanta) D). द पेंटेड वर्ल्ड ऑफ द वार्लिस (The Painted World of the Warlis)

**Correct Answer: D**

**Q.14** हुमायूँ के मकबरे का निर्माण किसके द्वारा पूरा किया गया था?

Ans A). माह चुचक बेगम (Mah Chuchak Begum) B). रहमत बानो बेगम (Rahmat Banu Begum) C). ज़ीनत महल (Zeenat Mahal) D). बिगा बेगम (Biga Begum)

**Correct Answer: D**

**Q.15** फरवरी 2023 में, यूनिसेफ (UNICEF) इंडिया ने बाल अधिकारों के लिए राष्ट्रीय अम्बेसेडर (Ambassador) के रूप में किस प्रसिद्ध बॉलीवुड स्टार की नियुक्ति की घोषणा की?

Ans A). पंकज कपूर B). पंकज त्रिपाठी C). आमिर खान D). आयुष्मान खुराना

**Correct Answer: D**

**Q.16** भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद भारत के महान्यायवादी की नियुक्ति और कर्तव्यों से संबंधित है?

Ans A). अनुच्छेद 74 B). अनुच्छेद 80 C). अनुच्छेद 76 D). अनुच्छेद 81

**Correct Answer: C**

**Q.17** जूनागढ़ में सुदर्शन झील का निर्माण किसने करवाया था?

Ans A). चन्द्रगुप्त B). स्कन्दगुप्त C). भानुगुप्त D). पुष्यगुप्त

**Correct Answer: D**

**Q.18** निम्नलिखित विकल्पों में से असंतुलित रासायनिक समीकरण का चयन कीजिए।

Ans A). $3\ CaCl_2 + 2\ Na_3PO_4 \rightarrow Ca_3(PO_4)_2 + 6\ NaCl$ B). $3\ Hg(OH)_2 + 2\ H_3PO_4 \rightarrow Hg_3(PO_4)_2 + 6\ H_2O$ C). $10\ KClO_3 + 3\ P_4 \rightarrow 3\ P_4O_{10} + 10\ KCl$ D). $6\ HClO_4 + P_4O_{10} \rightarrow 4\ H_3PO_4 + 6\ Cl_2O_7$

**Correct Answer: D**

**Q.19** किस अनुच्छेद के अनुसार, भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों और संस्थाओं, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करे?

Ans A). 51A (a) B). 54 (b) C). 14 D). 52

**Correct Answer: A**

**Q.20** जीवाश्मों से प्राप्त ईंधन केवल किस प्रकार की शैलों में संरक्षित होते हैं?

Ans A). कायांतरित शैल B). ज्वालामुखीय शैल C). अवसादी शैल D). प्लूटोनिक शैल

**Correct Answer: C**

**Q.21** दूसरी शताब्दी की शुरुआत में अपने ग्रंथ 'नाट्य शास्त्र' में संगीत वाद्ययंत्रों को तत्, सुषिर, अवनद्ध और घन में वर्गीकृत करने की प्रणाली को किसने समझाया?

Ans A). सारंगदेव B). स्वामी हरिदास C). भरत मुनि D). भैरव

**Correct Answer: C**

**Q.22** किस राज्य में 'काट तथा दाह' कृषि को 'दहिया (Dahiya)' के नाम से जाना जाता है?

Ans A). अरुणाचल प्रदेश B). हिमाचल प्रदेश C). मध्य प्रदेश D). आंध्र प्रदेश

**Correct Answer: C**

**Q.23** फुटबॉल विश्व कप, 2022 की मेजबानी किस देश ने की थी?

Ans A). अर्जेंटीना B). फ्रांस C). क़तर D). यू.ए.ई.

**Correct Answer: C**

**Q.24** निम्नलिखित में से कौन-सा 'आजादी का अमृत महोत्सव' के विषय (themes) में शामिल नहीं है?

Ans A). एक्शन@75 (Actions@75) B). संकल्प@75 (Resolve@75) C). विचार@75 (Ideas@75) D). स्वास्थ्य@75 (Health@75)

**Correct Answer: D**

**Q.25** शास्त्रीय नृत्य की एक प्रसिद्ध शैली, मणिपुरी रास लीला ___________ द्वारा बनाई गई थी।

Ans A). सिद्धेंद्र योगी (Siddhendra Yogi) B). ऋषि भरत (Sage Bharata) C). बिरजू महाराज (Birju Maharaj) D). महाराजा भाग्यचंद्र (Maharaja Bhagyachandra)

**Correct Answer: D**

Section : **English Lan**

**Q.1** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Nylon was among the first synthitic fibre made by man and is known for its toughness, strength and resistance to oil and grease.**

**Ans** A). strength B). synthitic C). resistance D). toughness

Correct Answer: B

**Q.2** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**

**Hornet's nest**

**Ans** A). A troublesome or hazardous situation B). A house built with great difficulty C). A bee's nest D). A difficult task

Correct Answer: A

**Q.3** **The following sentence contains an error. Select the option that correctly rectifies the error.**

**The robbers stabbed him by a sharp knife and he started bleeding profusely on the spot.**

**Ans** A). but he started bleeding B). profusely from the spot C). The robbers stabbed her D). with a sharp knife

Correct Answer: D

**Q.4** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**

**You have spoilt / the little chance you / had at succeeding.**

**Ans** A). had at succeeding. B). No error C). the little chance you D). You have spoilt

Correct Answer: B

**Q.5** **Select the most appropriate synonym of the underlined word.**
**Her amicable nature made it easy for her to forge positive relationships.**

**Ans** A). Friendly B). Aggressive C). Attentive D). Sad

Correct Answer: A

**Q.6** **Select the sentence that has a grammatical error.**

**Ans** A). A famous poet wrote that poem. B). I went to watch a play with one of my friends. C). He resides near an university. D). A dog likes sunlight.

Correct Answer: C

**Q.7** **Identify the most appropriate ANTONYM of the word in brackets.**

**The magician's performance was (captivating) and held the audience spellbound.**

**Ans** A). Gripping B). Boring C). Enchanting D). Fascinating

Correct Answer: B

**Q.8** **Select the appropriate option that can substitute the underlined word in the following sentence to make it grammatically correct.**

**The grapes taste sweetest.**

**Ans** A). sweeter B). most sweeter C). more sweeter D). sweet

Correct Answer: D

**Q.9** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**
**The intersection of nature conservation and social justice is evident in efforts to ensure that marginalised communities and other backward classes should have equal access to natural reserves.**

**Ans** A). Manifest in actions to redesign B). apparent in endeavours to guarantee C). Unclear in initiatives to safeguard D). obvious in attempts to recollect

Correct Answer: B

**Q.10** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**Tom will _________ the document to the office tomorrow.**

**Ans** A). meal B). mail C). male D). mall

Correct Answer: B

**Q.11** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**The manager complained that Sheetal's email was not up to the standard for the company.**

**Ans** A). up and doing B). an uphill task C). up to the mark D). under the nose

Correct Answer: C

**Q.12** **Select the option that will improve the underlined part of the given sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement required'.**

**Mukta requested Nikita to share the picture taken during the wedding.**

**Ans** A). will requests Nikita to share B). requested Nikita for share C). requesting Nikita to share D). No improvement required

Correct Answer: D

**Q.13** **Select the option that will improve the underlined part of the given sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement'.**

**The name, Khajuraho, has probably been derived from the word 'Khajoor', meaning date palm.**

**Ans** A). derives into B). No improvement C). be derived into D). derive at

Correct Answer: B

**Q.14** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**As 'brutal' is synonymous to 'harsh' , 'naive' is synonymous to ________.**

**Ans** A). simple B). worldly C). wise D). hospitable

Correct Answer: A

**Q.15** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Believe B). Recieve C). Thief D). Relief

Correct Answer: B

**Q.16** **Select the correctly spelt word to fill in the blank.**
**The play was shortened by the ___________ of two scenes.**

**Ans** A). insirtion B). ommision C). addition D). omission

Correct Answer: D

**Q.17** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains an error.**
**That question is / much difficult / but this one is / very easy.**

**Ans** A). but thisone is B). That question is C). much difficult D). very easy.

Correct Answer: C

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**I will not be able to ___________ my assignment in time.**

**Ans** A). completes B). completing C). complete D). completed

Correct Answer: C

**Q.19** **Select the word that has the same meaning (SYNONYM) as the underlined word in the given sentence.**

**The vital role played by women at home and in the struggle for freedom, advanced the case for female emancipation soon after the war was over.**

**Ans** A). bondage B). objectivity C). utility D). freedom

Correct Answer: D

**Q.20** **Select the most appropriate synonym of the highlighted word.**

**His eloquent speech moved the audience to tears.**

**Ans** A). Angry B). Expressive C). Vernacular D). Inarticulate

Correct Answer: B

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Saltwater crocodiles are also known as estuarine crocodiles, as they (1) ______________ to live in mangrove-lined rivers. They're the (2) ______________ living reptile, reaching up to seven metres in length: far larger than Indonesia's famous Komodo dragon, which tops out at three metres. (3)______________________, crocodiles lived throughout the Indonesian archipelago. We have (4) ______________ of attacks on humans in Bali from the early 20th century and across much of Java until the 1950s. Even Indonesia's capital, Jakarta, had crocodile's (5)______________________in many rivers running through the city.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.**

**Ans** A). prefer B). refer C). defer D). differ

Correct Answer: A

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Saltwater crocodiles are also known as estuarine crocodiles, as they (1) ______ to live in mangrove-lined rivers. They're the (2) ______ living reptile, reaching up to seven metres in length: far larger than Indonesia's famous Komodo dragon, which tops out at three metres. (3)______________________, crocodiles lived throughout the Indonesian archipelago. We have (4) ______ of attacks on humans in Bali from the early 20th century and across much of Java until the 1950s. Even Indonesia's capital, Jakarta, had crocodile's (5)____________________in many rivers running through the city.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

**Ans** A). broadest B). poorest C). largest D). fattest

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Saltwater crocodiles are also known as estuarine crocodiles, as they (1) ______ to live in mangrove-lined rivers. They're the (2) ______ living reptile, reaching up to seven metres in length: far larger than Indonesia's famous Komodo dragon, which tops out at three metres. (3)______________________, crocodiles lived throughout the Indonesian archipelago. We have (4) ______ of attacks on humans in Bali from the early 20th century and across much of Java until the 1950s. Even Indonesia's capital, Jakarta, had crocodile's (5)____________________in many rivers running through the city.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

**Ans** A). Abysmally B). Historically C). Fanatically D). acrobatically

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Saltwater crocodiles are also known as estuarine crocodiles, as they (1) ______ to live in mangrove-lined rivers. They're the (2) ______ living reptile, reaching up to seven metres in length: far larger than Indonesia's famous Komodo dragon, which tops out at three metres. (3)______________________, crocodiles lived throughout the Indonesian archipelago. We have (4) ______ of attacks on humans in Bali from the early 20th century and across much of Java until the 1950s. Even Indonesia's capital, Jakarta, had crocodile's (5)____________________in many rivers running through the city.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

**Ans** A). recipes B). records C). regiments D). residues

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Saltwater crocodiles are also known as estuarine crocodiles, as they (1) ______ to live in mangrove-lined rivers. They're the (2) ______ living reptile, reaching up to seven metres in length: far larger than Indonesia's famous Komodo dragon, which tops out at three metres. (3)______________________, crocodiles lived throughout the Indonesian archipelago. We have (4) ______ of attacks on humans in Bali from the early 20th century and across much of Java until the 1950s. Even Indonesia's capital, Jakarta, had crocodile's (5)____________________in many rivers running through the city.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**

**Ans** A). resistance B). residence C). relevance D). remembrance

**Correct Answer: B**